दैनिक
क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित
बर्षः- 06
अंकः- 165
मुरादाबाद
(Monday)
05 October 2026
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

यूपी 5वां सबसे बड़ा निर्यातक राज्यःसीएम योगी बोले- 2017 के पहले नहीं थीं बुनियादी सुविधाएं और अवसर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक्स पर लिखा कि प्रदेश का निर्यात 10 वर्ष में लगभग 2.27 गुना बढ़कर 2 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है। यूपी सरकार भदोही के विकास, बाजार और अवसर के नए द्वार खोल रही है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट %एक्स% पर लिखा कि भदोही का हुनर पहले अपनी राह तलाशता था, लेकिन आज सरकार उसके लिए विकास, बाजार और अवसर के नए द्वार खोल रही है। प्रदेश का निर्यात पिछले 10 वर्ष में लगभग 2.27 गुना बढ़कर 2 लाख करोड़ के पार पहुंच चुका है। उत्तर प्रदेश देश का 5वां सबसे बड़ा निर्यातक राज्य है। इस निर्यात में भदोही के कालीन का बड़ा योगदान है।

यूपी के हुनर का लोहा मनवा रहा भदोही का कालीन- सीएम ने लिखा, जिन हाथों ने अपने हुनर से भदोही के कालीन को दुनिया तक पहुंचाया, वर्ष 2017 से पहले वही हाथ बुनियादी सुविधाओं और अवसरों के लिए प्रतीक्षा करते रहे। आज डबल इंजन सरकार में वही हुनर विकास और वैश्विक बाजार से जुड़ रहा है। हाथ से बने भदोही के कालीनों की मांग आज दुनिया में सबसे अधिक है, जो वैश्विक मंच पर उत्तर प्रदेश के हुनर का लोहा मनवा रहे हैं।मुख्यमंत्री ने बताया कि वह आज एशिया के सबसे बड़े अंतरराष्ट्रीय हस्तनिर्मित कालीन व्यापार मेले इंडिया कारपेट एक्सपो के स्वर्ण जयंती संस्करण का शुभारंभ कर कालीन उद्योग के निर्यातकों, विक्रेताओं एवं उद्यमियों से संवाद करेंगे। कारीगर के हाथ को सम्मान, उद्यम को विस्तार, युवाओं को रोजगार और भदोही को समृद्धि, यही नए उत्तर प्रदेश में विरासत और विकास के संगम की नई पहचान है।

तीन विधानसभा क्षेत्रों को मिलेगी विकास की सौगात- मुख्यमंत्री ने लिखा कि इस अवसर पर भदोही, औराई एवं ज्ञानपुर विधानसभा क्षेत्रों को 1,340 करोड़ रुपये से अधिक की 112 विकास परियोजनाओं की सौगात मिलेगी और विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को हितलाभ प्रदान किए जाएंगे।

जातीय खेमों में लड़ता नहीं, हमें एक भारत-श्रेष्ठ भारत चाहिए, योगी बोले- युवा बनेगा देश का भाग्य विधाता

सीएम योगी आदित्यनाथ ने अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में आयोजित प्रांतीय शिक्षक गरिमा कार्यशाला को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जातीय खेमों में लड़ता नहीं, हमें एक भारत-श्रेष्ठ भारत चाहिए। युवा ही भारत का भाग्य विधाता बनेगा। राजधानी लखनऊ में रविवार को अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में प्रांतीय शिक्षक गरिमा कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का आयोजन राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में हुआ। इसमें सीएम योगी आदित्यनाथ भी शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि गायत्री परिवार की प्रतियोगिता में 11 लाख से अधिक छात्र-छात्राएं जुड़े। आज का युवा ही भारत का भाग्य विधाता बनने वाला है। हम बिखरा-बंटा, जातीय खेमों में लड़ता भारत नहीं चाहते। ऐसा सोचने वाले पूर्वजों के प्रति श्रद्धा नहीं रखते हैं। हम 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' चाहते हैं, प्रधानमंत्री मोदी ने भी हम सबको ऐसे भारत के लिए कार्य करने के लिए कहा है।

गायत्री परिवार ने सर्वसमाज को जोड़ा- सीएम ने कहा कि गायत्री परिवार के पास डॉ. प्रणव पंड्या का मार्गदर्शन और डॉ. चिन्मय पंडया जैसे दूरदर्शी नायक हैं। इसलिए,परिवार को अगले 100 वर्ष के लिए लक्ष्य तय करना है। गायत्री परिवार को तनावग्रस्त, संघर्ष में उलझी, अस्तित्व के जूझती मानवता के जीवन में नया उजाला लाना है। जब देश पराधीन था और व्यक्ति हताश-निराश था, लोगों को लगता था कि गुलामी नियति बन चुकी है। तब ब्रजभूमि आगरा में जन्म लेकर भारतीय संस्कृति, सनातन मूल्यों व परंपरा के प्रति अगाध निष्ठा रखने वाले एक ऋषि का प्रादुर्भाव होता है। पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य ने मथुरा में प्रारंभिक साधना को बढ़ाते हुए हरिद्वार में जिस गायत्री परिवार की स्थापना की, उसने यज्ञों के माध्यम से सर्वसमाज को एक वेदी पर बैठाकर सामाजिक एकता का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया।

तीन साल में तीन संस्थाएं, सबका लक्ष्य एक- उन्होंने कहा कि पं. श्रीराम शर्मा स्वाधीनता संग्राम सेनानी के रूप में आजादी के आंदोलन से जुड़े रहे। आजादी के आंदोलन से जुड़े अनेक ऋषियों ने इसमें सक्रिय योगदान दिया, लेकिन उन्हें लगा कि सफलता के लिए भौतिक ताकत के साथ आध्यात्मिक शक्ति की भी आवश्यकता है, तो साधना के माध्यम से उसे आगे बढ़ाया।

विचार पर चलने वाला संगठन तय करता है लंबी दूरी- सीएम ने कहा कि महर्षि विश्वामित्र द्वारा रचित सृष्टि का पहला मंत्र 'गायत्री मंत्र' परमपिता के तेज से जोड़ने का आह्वान करता है। जिसने भी इसकी शक्ति को अंगीकार किया, उसका कल्याण हो गया। व्यक्ति के नाम पर चलने वाला संगठन कुछ वर्षों के बाद धराशायी हो जाता है, लेकिन विचार के नाम पर चलने वाला संगठन लंबी दूरी तय करता है।

संकट का मिलकर सामना करता था संयुक्त परिवार- सीएम ने कहा कि यज्ञों की वेदी पर 'वसुधैव कुटुंबकम' की भावना से समाज को जोड़ने का काम पवित्र है। पहले संसाधन कम थे, लेकिन परिवार हमारी ताकत था। सभी भाई-उनके बच्चे संयुक्त परिवार की परंपरा में रहते थे। हर कोई मिलकर संकट का सामना करता था। आज परिवार सीमित हो गए। छत भले एक हो, लेकिन पांच परिवारों के मुख अलग-अलग दिशा में हैं।सीएम ने आगे कहा कि यज्ञकुंड में समिधा डालने का भाव जोड़ना, आगे बढ़ाना और सामाजिक एकता के माध्यम से राष्ट्रीय एकता को मजबूती प्रदान करना है। उन्होंने प्रधानमंत्री के एक पेड़ मां के नाम के भाव की चर्चा करते हुए कहा कि हमारी सरकार ने 2017 से 2026 तक यूपी में 275 करोड़ पौधरोपण किए हैं। इस वर्ष भी हमने 35 करोड़ पौधे लगाए हैं। उनके संरक्षण व सुरक्षा के उपाय भी किए गए हैं। देहरादून फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट देहरादून और गुरु घासीदास विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ हमें थर्ड पार्टी के रूप में इसकी रिपोर्ट देते हैं। रिपोर्ट के अनुसार जवाबदेही तय होती है। इसका पीछे हमारा ध्येय है कि भावी पीढ़ी को सुखद व सुंदर माहौल दे सकें।

शरीर में धमनियों जैसी नदियों की भूमिका-उन्होंने आगे कहा कि आज हर नदी प्रदूषित हो गई है। स्वार्थ के लिए नदी संस्कृति को नष्ट कर दिया गया। जीवनदायिनी नदियां नहीं रहेंगी तो जीवन सृष्टि के सामने संकट खड़ा होगा। नदियों की भूमिका वैसे ही है, जैसे शरीर में धमनियों की। हमें नदियों को बचाकर उन्हें अविरल-निर्मल करना होगा। एक नदी दशकों पहले सूख गई थी। हमने सेटेलाइट मैपिंग से उसके इमेज निकाले, उसकी खुदाई प्रारंभ कराई। कार्य संपन्न होने के बाद बरसात में वहां जल धारा फूट पड़ी। इससे पूर्वजों की तपस्या साकार हुई। जिन लोगों ने उस नदी का जल ग्रहण किया होगा, नदी के पुनर्जीवित होने पर उन्हें आशीर्वाद प्राप्त होगा। इस अवसर पर जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, विधान परिषद सदस्य डॉ. महेंद्र सिंह, विधायक राजेश्वर सिंह, केंद्रीय जोन प्रभारी परमानंद द्विवेदी, समन्वयक रामयश तिवारी, गायत्री परिवार के स्वयंसेवक और प्रदेशभर से आए शिक्षक मौजूद रहे।

अखिलेश ने लगाया नारा 'जय संविधान-जय हिंदुस्तान', गठबंधन पर बोले- बात सीट की नहीं, जीत की है

अखिलेश यादव ने गठबंधन को लेकर अपनी बात स्पष्ट कर दी है। उन्होंने कहा कि बात सीट की नहीं, जीत की है। अंत में जय संविधान-जय हिंदुस्तान नारा भी लगाया। यूपी विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव मैदान में उतर चुके हैं। उन्होंने गठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर बड़ा संदेश दिया है। कहा कि गठबंधन में कितनी सीटें मिलती हैं या कौन सी सीट किस दल के पास जाती है, यह महत्वपूर्ण नहीं है। सबसे बड़ी बात यह है कि गठबंधन की जीत सुनिश्चित हो।

अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करके कहा कि मकसद जब साफ हो तो हाथ-में-हाथ होता है, निगाह मंजिल पर हो तो सफर आसान होता है। गठबंधन के सभी दलों को मिलकर यह सुनिश्चित करना है कि जीत गठबंधन की हो।बात सीट की नहीं जीत की है

उन्होंने दोहराया, बात सीट की नहीं जीत की है। कहा कि यह जीत गठबंधन के दलों से बढ़कर उन सभी की संयुक्त कोशिश की जीत होगी, जो लगातार संघर्षरत हैं।लोकतंत्र, संविधान व आरक्षण पर भाजपाई आंच न आए अखिलेश ने अपने संदेश में सांप्रदायिकता, लोकतंत्र, संविधान और आरक्षण का भी जिक्र किया। कहा कि कोशिश यह सुनिश्चित करने की है कि सांप्रदायिकता फिर कभी सिर न उठा सके और लोकतंत्र, संविधान व आरक्षण पर भाजपाई आंच न आए।जय संविधान-जय हिंदुस्तान!

उन्होंने देश में सौहार्द कायम करने और तरक्की-खुशहाली को आगे बढ़ाने की बात भी कही। पोस्ट के अंत में अखिलेश यादव ने लिखा, जय संविधान-जय हिंदुस्तान!

छात्रसंघ चुनाव की मांग को चंद्र शेखर आजाद का समर्थन, बोले- अनशनकारी छात्रों को मिले चिकित्सा सुविधा

एएमयू में छात्रसंघ चुनाव की मांग को लेकर छात्र 21 सितंबर से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर हैं। छात्रों का कहना है कि पिछले करीब आठ वर्षों से विश्वविद्यालय में छात्रसंघ चुनाव नहीं हुए हैं। इसी को लेकर छात्र लगातार चुनाव की प्रक्रिया शुरू करने और तारीख घोषित करने की मांग कर रहे हैं ।अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) में छात्रसंघ की बहाली और चुनाव कराने की मांग को लेकर चल रहे आंदोलन को आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद का समर्थन मिला है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर अनशनकारी छात्रों की मांगों का समर्थन किया और विश्वविद्यालय प्रशासन से तत्काल संवाद का रास्ता अपनाने की अपील की।चंद्रशेखर आजाद ने पोस्ट में अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल कर रहे छात्रों की स्वास्थ्य स्थिति पर चिंता जताते हुए उन्हें उचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की। साथ ही छात्रों के खिलाफ की गई कार्रवाई वापस लेने, छात्रसंघ की बहाली, मुख्य चुनाव अधिकारी की नियुक्ति और समयबद्ध चुनाव कराने की मांग उठाई।एएमयू में छात्रसंघ चुनाव की मांग को लेकर छात्र 21 सितंबर से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर हैं। छात्रों का कहना है कि पिछले करीब आठ वर्षों से विश्वविद्यालय में छात्रसंघ चुनाव नहीं हुए हैं। इसी को लेकर छात्र लगातार चुनाव की प्रक्रिया शुरू करने और तारीख घोषित करने की मांग कर रहे हैं।चंद्रशेखर आजाद ने ट्विट कर कहा कि अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में छात्रसंघ की बहाली की मांग को लेकर छात्र 21 सितंबर से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर हैं। यह बेहद चिंताजनक है कि अपनी लोकतांत्रिक मांगों के लिए आवाज उठाने वाले छात्रों पर एफआईआर और निलंबन की कार्रवाई की जा रही है।इस दौरान लगातार अनशन के कारण उनकी स्वास्थ्य स्थिति भी गंभीर हुई। यह ध्यान देने योग्य है कि पिछले 8 वर्षों से एएमयू में छात्रसंघ चुनाव नहीं हुए हैं।एएमयू प्रशासन को तत्काल संवाद का रास्ता अपनाना चाहिए।अनशनकारी छात्रों को तत्काल उचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए, छात्रों के खिलाफ की गई कार्रवाई वापस ली जाए तथा छात्रसंघ की बहाली, मुख्य चुनाव अधिकारी की नियुक्ति और समयबद्ध चुनाव की घोषणा सुनिश्चित की जाए। 28 सितंबर को छात्रसंघ चुनाव की मांग को लेकर डक प्वाइंट पर हुए प्रदर्शन के बाद जिस तरह छात्रों पर कार्रवाई हुई और विवाद बढ़ा, उसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

'इकरा हसन तैयार हों तो करा देंगे शादी': भाजपा विधायक ने फिर दोहराई बात, सपा पर गंभीर आरोप

भाजपा विधायक नंद किशोर गुर्जर का इकरा हसन को लेकर दिया गया बयान तूल पकड़ता जा रहा है। समाजवादी पार्टी की प्रतिक्रिया के बाद विधायक ने अपने बयान को फिर दोहराया है। साथ ही उन्होंने सपा को महिला विरोधी बताते हुए पार्टी और इकरा हसन को लेकर कई गंभीर आरोप लगाए हैं।समाजवादी पार्टी के मीडिया सेल की ओर से भाजपा विधायक नंद किशोर गुर्जर के बयान को लेकर निशाना साधे जाने के बाद विधायक ने एक बार फिर अपनी बात दोहराई है। सपा मीडिया सेल ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर विधायक की टिप्पणी को शर्मनाक और अक्षम्य बताया। इसके जवाब में गुर्जर ने कहा कि उन्होंने समाज को जोड़ने की बात कही है और सवाल किया कि समाज की एकता की बात करना गलत कैसे हो सकता है। विधायक नंद किशोर गुर्जर ने कहा कि कैराना से सपा सांसद इकरा हसन बार-बार खुद को गुर्जर समाज की बेटी बताती हैं। इसी आधार पर उन्होंने कहा था कि अगर वह गुर्जर समाज की बेटी हैं तो हिंदू गुर्जर समाज में शादी करके एकता का परिचय दें। उन्होंने सपा पर मुस्लिम तुष्टीकरण की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कई अन्य मुद्दों को भी अपने जवाब में उठाया।विधायक ने सपा पर महिला विरोधी होने का आरोप लगाते हुए पार्टी नेताओं के पुराने बयानों और हालिया घटनाओं का भी जिक्र किया। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा नेताओं ने गुर्जर और जाट समाज की बेटियों को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की और दुष्कर्म के आरोपियों का बचाव किया। उन्होंने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर भी एक मौलाना के खिलाफ नहीं बोलने का आरोप लगाया। नंद किशोर गुर्जर ने लोनी में हाल ही में दो बेटियों के साथ दुराचार की घटना का भी जिक्र किया। उन्होंने आरोप लगाया कि इस मामले में समाजवादियों की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई, जबकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आरोपियों का एनकाउंटर कर इंसाफ दिलाया और पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद भी दी। विधायक नंद किशोर गुर्जर ने सहारनपुर में आयोजित एक जनसभा में कैराना से सपा सांसद इकरा हसन के व्यक्तिगत जीवन और विवाह को लेकर टिप्पणी की थी।

संक्षिप्त समाचार

सपा सांसद एसपी सिंह पटेल का कांग्रेस पर हमला, बोले- 50 सीट देना भी बड़ी बात

यूपी विधानसभा चुनाव से करीब छह महीने पहले सपा-कांग्रेस गठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर बयानबाजी तेज हो गई है। प्रतापगढ़ से सपा सांसद एसपी सिंह पटेल ने कांग्रेस के 150 सीटों के दावे को खारिज करते हुए कहा कि 50 सीट देना भी बड़ी बात होगी। उन्होंने कहा कि सीटों का बंटवारा राजनीतिक ताकत और संगठन की स्थिति के आधार पर होना चाहिए। वहीं, केशव प्रसाद मौर्य के सपा को लेकर दिए बयान पर भी पटेल ने पलटवार किया और भाजपा पर पिछड़ों के साथ अन्याय का आरोप लगाया। उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले सपा-कांग्रेस गठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर सियासी खींचतान शुरू होती दिख रही है। प्रतापगढ़ से समाजवादी पार्टी के सांसद एसपी सिंह पटेल ने कांग्रेस के 150 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने के दावे पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मौजूदा राजनीतिक ताकत और संगठन की स्थिति को देखते हुए कांग्रेस को 50 सीट मिलना भी बड़ी बात होगी। एसपी सिंह पटेल ने कहा कि गठबंधन में सीटों का बंटवारा राजनीतिक दलों की जमीनी ताकत और संगठनात्मक स्थिति के आधार पर होना चाहिए। ो लेकर मतभेद की चर्चा तेज हो गई है।पटेल के बयान पर राजनीतिक सवाल भी उठ रहे हैं कि क्या आगामी विधानसभा चुनाव में दोनों दलों के बीच सीटों को लेकर सहमति आसानी से बन पाएगी।

संपादकीय Editorial

The 'Fraud' of Form 6

The Election Commission, especially Chief Election Commissioner (CEC) Gyanesh Kumar Gupta, is under attack from opposition movements and political parties. The Congress Working Committee and the rest of the opposition are collectively demanding that the Special Intensive Revision (SIR) be suspended. If possible, it should be canceled. The 133.7 million voters whose names have been deleted so far should be reinstated. How is this possible, since more than 28 million of them are deceased? The Election Commission should be forced to reinstate the remaining 105.7 million deleted names. This issue has come to light in Delhi. Most of the Bela Estate area was a slum, with illegal encroachments and settlements. In 2022-23, those slums were demolished. There were 728 legitimate voters living there, who had Election Commission accreditation and had been voting regularly. When the slums were demolished, they became homeless. Under the SIR campaign, the BLOs found no one at the site. Only one person showed their voter ID card. As a result, the names of 727 out of 728 voters were deleted. Leader of the Opposition Rahul Gandhi visited the homeless and asked the ERO on his phone why so many names were deleted. However, when the news of homeless families in Bella Estate being forced to live under a flyover made headlines on TV channels and newspapers, the Election Commission sent its BLOs there. Those whose names were deleted were advised to fill out Form 6 and become new voters. Reports indicate that 418 people have already completed Form 6. Now, their names could be included in the new voter list, but the Election Commission has committed a "constitutional fraud." Form 6 is for those who wish to become voters for the first time. They must also fill out and sign a declaration stating that they have never been voters before. But these people were voters before and had even filled out the "authorized form" in the SIR. Is this a constitutional exercise? If the 418 deleted names eventually become voters, then the remaining people can also be made voters. So what is the justification for the SIR? Isn't the Election Commission committing "fraud" in this way and forcing "false" declarations to be filled out along with Form 6? Leader of the Opposition Rahul Gandhi is aware of this entire matter, so his movement is focused on the resignation of CEC Gyanesh Kumar Gupta. Rahul is confident that Prime Minister Modi will ultimately force the CEC's resignation, as Gyanesh is his "puppet." Congress President Mallikarjun Kharge has even demanded the Prime Minister's resignation. BJP Rajya Sabha MP Raghav Chadha is also implicated in this alleged Form 6 fraud. When he was elected to the Rajya Sabha, he was a voter from Punjab and an AAP candidate. However, seven AAP Rajya Sabha MPs later defected to the BJP, making him a Delhi voter. This isn't a crime, as a person can be transferred and a voter can be changed. However, constitutional manipulation should be avoided. It's reported that Raghav Chadha was made to fill out Form 6. We can't confirm this, but AAP claims so and has also threatened to challenge it in court. The issue of SIR has become extremely complex. Over 900,000 Bangladeshis have settled in Delhi. They remain voters. The question is what did the Election Commission mark them as during the SIR? This matter is pending in the Supreme Court, and in one case, there has even been a demand to declare the SIR "illegal." Whatever the outcome, we will see, but this issue has deeply divided and poisoned our politics. The opposition disapproves of the Election Commission's arbitrary actions, and the entire country is agitated over this issue. The opposition.

Pakistan is gripped by instability

Pakistan is currently grappling with several serious challenges, including political instability, economic pressure, and deteriorating internal security, with the growing terrorism by the TTP and BLA being the key. Pakistan is grappling with political instability, economic pressure, and internal security challenges. Terrorism by the TTP and BLA poses a serious threat to the country's security. India must maintain vigilant monitoring and preparedness for the situation in Pakistan. Pakistan is currently grappling with several challenges simultaneously, including political instability, economic pressure, and deteriorating internal security. On the one hand, the activities of the Tehreek-e-Taliban Pakistan (TTP) and the Balochistan Liberation Army (BLA) have raised concerns for security forces. On the other hand, escalating tensions with Afghanistan and the conflict between the government and the Pakistan Tehreek-e-Insaf (PTI) over the release of former Prime Minister Imran Khan have increased pressure on the political system.

On the economic front, rising prices of petroleum products have further complicated the situation. The impact of these circumstances is not limited to Pakistan's internal stability, but also has implications for the security of South Asia and India's strategic challenges.

The most worrying aspect of Pakistan's current situation is the increase in terrorist violence. According to the Global Terrorism Index, Pakistan has reached the top spot among countries affected by terrorism in the world. The report documents 1,139 deaths and 1,045 incidents related to terrorism during 2025.This is significant because while terrorist violence has declined globally, Pakistan has seen the opposite trend. According to the report, terrorist attacks and related deaths declined worldwide during 2025, but violence in Pakistan continued to rise. This clearly demonstrates that the challenge facing the country's internal security system is not only preventing terrorist incidents but also addressing the organizations behind them, local conditions, and political and social factors.

The TTP has emerged as one of the most serious challenges to Pakistan's security. The organization has targeted security forces, particularly in Khyber Pakhtunkhwa and surrounding areas. Police and security establishments in Pakistan's border and troubled regions remain under constant pressure. Pakistan also faces the challenge of violence targeting security personnel, impacting the efficiency of local administration, citizen confidence, and normal life. Pakistan's second major security challenge is the BLA, active in Balochistan. The TTP's primary focus is the northwestern region, while the BLA fights in the name of Baloch nationalism. The background, objectives, and activities of the two organizations cannot be viewed as one and the same. One dimension of the violence in Balochistan is also linked to the security of the China-Pakistan Economic Corridor and Chinese projects. China has invested heavily in several ambitious infrastructure, energy, and transportation projects in Pakistan. If violence continues in Balochistan, it could put pressure on Pakistan's economic plans, foreign investment, and its strategic cooperation with China.

In addition to terrorism, Pakistan's Afghanistan crisis is also becoming more serious. Islamabad alleges that the TTP uses Afghan territory to launch attacks in Pakistan. The Afghan Taliban rejects these allegations. Border tensions and reports of military action between the two countries have further escalated the dispute. This atmosphere of distrust between Pakistan and Afghanistan also raises concerns for regional stability. The TTP and the Afghan Taliban are separate organizations.Despite their ideological and historical ties, their activities and responsibilities must be assessed separately. Nevertheless, Pakistan must also pay attention to its own terrorist networks, sources of recruitment, financing, and local support. Continued conflict with Afghanistan could strain the resources of both countries and harm border populations. This situation is also critical for India, as instability in Afghanistan-Pakistan relations could impact the broader regional security environment.

Pakistan's political crisis further complicates this security challenge. The PTI announced the postponement of its planned march in Islamabad on September 27th to October 4th, demanding the release of Imran Khan. The postponement of the march may indicate organizational difficulties within the PTI, but it cannot be concluded that political polarization in Pakistan has ended. Political instability can also impact the functioning of governance and security institutions. Economic difficulties are also a significant part of this crisis. Rising energy prices, inflation, and increasing financial pressure on ordinary citizens pose additional challenges for the government. Amid a lack of financial resources, the costs of combating terrorism, deploying security forces, and managing border tensions increase. If political instability prevents consensus on economic reforms and administrative decisions, the hardships of the general public could worsen.

For India, Pakistan's internal situation neither automatically marks the beginning of a major security crisis nor is there any basis to assume that its challenges will work in India's favor. The activities of terrorist organizations, potential threats from across the border, and regionalContinuous monitoring of instability is essential. India must strengthen its intelligence capabilities, border security, counter-terrorism, and military preparedness.India must maintain a vigilant ments there, remain prepared for potential threats, and formulate its policies based on real-world circumstances. Maintaining a balance of preparedness, restraint, and fact-based assessment will be paramount in India's security interests.

India should look for alternatives to the US market.

The US has already imposed forced labor-related tariffs on 60 countries, including India, increasing existing tariffs by 10 percent. The US 'Sanctioning Russia Act' poses an economic challenge for India. India is facing an additional 110% tariff on Russian oil imports. India should focus on alternative export markets and domestic reforms. After receiving approval from US President Trump, the Lindsey O. Graham Sanctioning Russia Act of 2026 has become law. The implementation of this law could seriously impact India's economic interests. Of most concern is the provision of this act, which allows the US to increase tariffs by up to 100 percent on the top five countries that continue to import crude oil and natural gas from Russia even after the law comes into effect. Recently, to reduce its crude oil import bill and gain strategic advantage amid global uncertainty, India has begun diversifying its energy supply sources, leading to a significant increase in crude oil imports from Russia. Before the Russia-Ukraine conflict, Russian crude oil accounted for only two percent of India's total crude oil imports, but now it has grown to 50 percent. Russian crude oil imports increased from 4.54 million metric tons (MMT) in January this year to 8.96 MMT in May. While this diversification strategy has been effective in securing supplies, it also has diplomatic consequences, especially in balancing the situation with the United States, which is not a strong supporter of these imports.

The United States already imposes forced labor-related tariffs on 60 countries, including India, increasing existing US tariffs on India by 10 percent. Now, if the Russia Sanctions Act comes into effect and India continues to import crude oil and gas from Russia, it will face an additional 110 percent tariff, making it one of the highest-tariff countries. US tariffs on China will also increase to 112.5 percent, as it is also a major importer of Russian oil.

The United States is one of India's major export destinations. Due to excessive tariffs, India could lose its competitiveness in the US, resulting in economic losses. India faces an economic dilemma: either continue importing from Russia for its energy needs and face US tariffs, or maintain access to a major export market like the US, but face uncertainty on the energy front.

In 2025, India exported 20 percent of its total exports to the US alone, primarily electronic equipment, pharmaceuticals, diamonds and jewelry, and marine products, which account for 45 percent of total US exports. In the event of tariffs, exports of these goods would be significantly affected. Decreased exports would lead to lower production in India, which would reduce remuneration for capital and labor, and many small businesses could even face closure.

On the other hand, the ongoing unrest in the Gulf countries has reduced crude oil supplies, leading to higher import prices. Therefore, reducing oil and gas imports from Russia would force India to pay higher prices in the global market, which would directly impact its foreign exchange reserves and trade deficit. This could also be a reason for rising inflation. It appears the US wants to use the Russia Sanctions Act as a tool to pressure India in the ongoing trade negotiations, so that it can gain easier access to India's domestic market. India should determine its trade interests and policies without succumbing to any pressure. In the February bilateral agreement, the US agreed to impose an 18% import duty on India. By doing this, the US is reneging on its own agreement. India can take several measures to address this challenge.India should look beyond the US and expand its presence in alternative markets. India should seek new markets for its exports where there is demand for Indian goods. A free trade agreement is a good policy in this regard. The India-European Union trade agreement could prove helpful. Similarly, the India-UK, India-Australia, and India-New Zealand agreements will also provide access for Indian exports. However, diversifying exports is not a panacea. This depends.

दो झोलाछापों को उम्रकैद: गलत ऑपरेशन से गर्भवती की मौत, अमरोहा में पहली बार ऐसी सजा

अमरोहा में प्रसव के दौरान गलत तरीके से ऑपरेशन करने से गर्भवती रूबी की मौत के नौ साल पुराने मामले में अदालत ने दो झोलाछापों विल्सन और मुस्तफा को उम्रकैद की सजा सुनाई। दोनों पर 11-11 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया गया। जिले में झोलाछापों के खिलाफ उम्रकैद की यह पहली सजा है।

अमरोहा में प्रसव के दौरान गलत तरीके से ऑपरेशन करने पर गर्भवती की मौत के नौ साल पुराने मामले में न्यायालय ने दो झोलाछापों को उम्रकैद की सजा सुनाई है।

दोनों दोषियों पर 11-11 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। सजा सुनाए जाने के बाद जमानत पर चल रहे दोनों दोषियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

खास बात यह है कि जिले में झोलाछापों के खिलाफ उम्रकैद की यह पहली सजा है। मामला आदमपुर थाना क्षेत्र के रहरा स्थित युग मेडिकल सेंटर का है। गुरैठा गांव निवासी किसान नेम सिंह की पत्नी रूबी को तीन अक्तूबर 2017 की रात करीब आठ बजे प्रसव पीड़ा शुरू हुई थी।नेम सिंह गांव के रहने वाले सत्यवीर, मुन्ने खां और धर्म सिंह के साथ रूबी को लेकर रहरा स्थित युग मेडिकल सेंटर पहुंचे। यहां मौजूद झोलाछाप विल्सन और उसकी पत्नी ने रूबी को देखने के बाद सामान्य प्रसव होने की बात कहते हुए उसे सेंटर में भर्ती कर लिया था।विल्सन ने रूबी को दवाएं देने के साथ ड्रिप चढ़ाई। इसके कुछ देर बाद ही उसकी हालत बिगड़ने लगी तो विल्सन ने ऑपरेशन करने की बात कही। इसके बाद विल्सन ने नया गांव सुलतानपुर निवासी झोलाछाप मुस्तफा को फोन कर बुलाया। तीन अक्तूबर की रात करीब 12 बजे दोनों झोलाछापों ने परिजनों की सहमति के बिना ही रूबी का ऑपरेशन शुरू कर दिया।

इस दौरान रूबी की मौत हो गई। घटना के बाद गुस्साए परिजनों ने हंगामा किया था। सूचना पर स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची और युग मेडिकल सेंटर को सील कर दिया। मामले में विल्सन और मुस्तफा के खिलाफ गैर इरादतन हत्या समेत अन्य धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

पुलिस ने दोनों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया था। बाद में दोनों जमानत पर जेल से बाहर आ गए थे। मामले की सुनवाई अपर जिला जज स्पेशल (एमपी-एमएलए कोर्ट) तृतीय की अदालत में चल रही थी। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता ने पैरवी की।

शनिवार को अदालत ने उपलब्ध साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर झोलाछाप विल्सन और मुस्तफा को दोषी करार दिया। साथ ही दोनों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई और 11-11 हजार का जुर्माना भी लगाया है।

कार्रवाई नहीं करने के आरोप में तत्कालीन डीएम और सीएमओ को अवमानना नोटिस जारी-झोलाछाप विल्सन और मुस्तफा को उम्रकैद की सजा सुनाने के साथ ही कोर्ट ने अमरोहा के तत्कालीन डीएम और मुख्य चिकित्सा अधिकारी को अवमानना नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता संजीव चौधरी के मुताबिक दोनों अधिकारियों पर आरोप है कि उनके कार्यकाल में जिले में झोलाछापों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई जबकि सुप्रीम कोर्ट की ओर से इस संबंध में स्पष्ट निर्देश जारी किए गए थे।

अदालत ने निर्देशों के अनुपालन में बरती गई लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए दोनों तत्कालीन अधिकारियों से जवाब तलब किया है। साथ ही मुख्य सचिव को नोटिस भेजकर दोनों अधिकारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। झोलाछाप विल्सन की पत्नी को भी बनाया था आरोपी-पीड़ित नेम सिंह ने घटना के बाद दी गई तहरीर में झोलाछाप विल्सन की पत्नी को भी आरोपी बनाया था। पुलिस ने मामले की विवेचना की तो उसके खिलाफ आरोप साबित करने के लिए पर्याप्त साक्ष्य नहीं मिले। इसके बाद विवेचना के दौरान उसका नाम निकाल दिया गया। पुलिस ने विल्सन और मुस्तफा के खिलाफ आरोपपत्र न्यायालय में दाखिल किया था।

संक्षिप्त समाचार

डीएम के बाद एडीएम-एसडीएम का भी ट्रांसफर, डीएम अनुनय झा के बाद हरदोई से ही आए दोनों अफसर

मुरादाबाद में प्रशासनिक फेरबदल जारी है, जहां डीएम के बाद अब एडीएम प्रशासन संगीता गौतम और एसडीएम मयंक कुंडू का भी तबादला हो गया है।डीएम के बाद एडीएम संगीता गौतम का भी तबादला हुआ।हरदोई से आए

प्रफुल्ल त्रिपाठी नए एडीएम प्रशासन बने। मयंक कुंडू को मुरादाबाद में एसडीएम की जिम्मेदारी मिली।जिले की प्रशासनिक मशीनरी में उठापटक जारी है। 21 सितंबर को निवर्तमान डीएम डॉ. राजेन्द्र पैंसिया का तबादला हुआ ही था कि 11 दिन बाद शनिवार को एडीएम प्रशासन संगीता गौतम का भी स्थानांतरण हो गया। संयोग यह कि निवर्तमान डीएम के स्थानांतरण के बाद जैसे नवागत डीएम अनुनय झा हरदोई से आए। वैसे ही हरदोई में एडीएम न्यायिक के पद पर तैनात प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी को जिले में एडीएम प्रशासन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कहानी यही सीमित नहीं है, हरदोई में ही तैनात 2024 बैच के पीसीएस अफसर मयंक कुंडू को एसडीएम के रूप में मुरादाबाद तैनाती मिली है। दोनों ही अफसर नवागत डीएम की गुडबुक में शामिल हैं।

चर्चा है कि नवागत डीएम की पैरवी से ही दोनों को जिले में तैनाती मिली है। जिसके बाद से जिले में अब हरदोई मॉडल सुर्खियों में है। संगीता गौतम को एडीएम सिटी अलीगढ़ की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कौन हैं प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी?-नवागत एडीएम प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी प्रशासन मूलरूप से बस्ती के रहने वाले हैं। बतौर एसडीएम वह संतकबीरनगर, लखनऊ में जिम्मेदारी निभा चुके हैं। लखनऊ में ही डिप्टी हाउसिंग कमिश्नर के बाद रायबरेली में एडीएम प्रशासन की भूमिका का निर्वाह कर चुके हैं।

उसके बाद 31 अगस्त 2024 को उन्हें हरदोई में एडीएम न्यायिक की जिम्मेदारी सौंपी गई। नवागत एडीएम प्रशासन की पत्नी एआरटीओ गाजियाबाद हैं। एसडीएम मयंक कुंडू के नाम की भी चर्चा- नवागत एसडीएम मयंक कुंडू मूलरूप से हरियाणा के करनाल के रहने वाले हैं। हरदोई से पहले मुरादाबाद मंडल के ही जनपद बिजनौर में वह एसडीएम रह चुके हैं। ऐसे में बिजनौर की पोस्टिंग का उन्हें जिले में लाभ मिलेगा। जिले के प्रशासनिक अफसरों में चर्चा है कि उन्हें एसडीएम सदर बनाया जा सकता है। हालांकि, वर्तमान में एसडीएम सदर की जिम्मेदारी निभा रहे अभिषेक सिंह को भी ज्यादा वक्त नहीं हुआ है।फिलहाल, जिले के प्रशासनिक अमले में लगातार ट्रांसफर पोस्टिंग से चर्चाओं का बाजार गर्म है क्योंकि जिले में राजेंद्र पैंसिया से पहले के जिलाधिकारियों का कार्यकाल लंबा रहा। एडीएम प्रशासन भी लंबे वक्त तक रहे। 28 अक्टूबर को संगीता गौतम जिले में एक साल का कार्यकाल पूरा करतीं, इससे पहले उनका भी स्थानांतरण हो गया। प्रशासनिक अमले में उनको लेकर एक जनप्रतिनिधि द्वारा शिकायत किये जाने की बात भी चर्चा में है। मगर, एडीएम सिटी जैसी जिम्मेदारी के चलते इस बात को बल नहीं मिला।

शिक्षक चुनाव में कैप्टन राजीव चौहान ने भरा नामांकन, प्रो. अनिल कुमार बने कार्य परिषद सदस्य

कैप्टन डॉ. राजीव चौहान ने बरेली-मुरादाबाद खंड शिक्षक चुनाव के लिए नामांकन दाखिल किया, जिसमें शिक्षकों के सम्मान और हितों की रक्षा को प्राथमिकता बताया।कैप्टन राजीव चौहान ने शिक्षक चुनाव के लिए नामांकन दाखिल किया।

शिक्षकों के सम्मान और हितों की रक्षा उनकी प्राथमिकता है। प्रो. अनिल कुमार गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय कार्य परिषद सदस्य नामित।बरेली-मुरादाबाद खंड शिक्षक चुनाव के लिए कैप्टन डा. राजीव चौहान ने समर्थकों के साथ नामांकन पत्र दाखिल किया। भारतीय कृषक दल के महासचिव प्रमोद यादव ने समर्थन पत्र सौंपकर सहयोग का आश्वासन दिया। कैप्टन डा. राजीव चौहान ने कहा कि शिक्षकों के सम्मान, अधिकार और हितों की आवाज उठाना उनकी प्राथमिकता है।

उन्होंने सेवा संबंधी समस्याओं, पदोन्नति, स्थानांतरण, वेतन, कार्य वातावरण, सेवा सुरक्षा और सेवानिवृत्ति सुविधाओं से जुड़े मामलों के समाधान के लिए प्रभावी प्रयास करने की बात कही।

नामांकन में प्रो धनंजय शरण, डा. अमित वैश्य, डा. दिनेश चहल, डा. अमित कुमार सिंह, डा. अनुपम मिश्रा, डा. कीर्ति श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।प्रो. अनिल कुमार कार्य परिषद के सदस्य नामित-मुरादाबाद। हिंदू कालेज के भौतिकी विभाग के प्रो. अनिल कुमार को राज्यपाल एवं कुलाधिपति ने गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय की कार्य परिषद का सदस्य नामित किया है। उनका कार्यकाल दो वर्ष या अग्रिम आदेशों तक रहेगा। प्रो. अनिल कुमार इससे पूर्व उच्चतर शिक्षा सेवा चयन आयोग से चयनित गांधी स्मारक महाविद्यालय, सुरजननगर-जयनगर के प्राचार्य भी रह चुके हैं।उनके नामांकन पर हिंदू कालेज के शिक्षकों ने बधाई दी। प्राचार्य प्रो. एसएस रावत, महाविद्यालय शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रो. राकेश कुमार, गजुटा अध्यक्ष प्रो. एपी सिंह, प्रो. संजय शर्मा, प्रो. पूजन प्रसाद, प्रो. शालिनी राय, प्रो. प्रियांश सिंह, डा. जितेंद्र कुमार और विजेंद्र सिंह ने हर्ष जताया।

यूपी में 30 हजार करोड़ की बेनाम संपत्तियों को मरम्मत कराकर बेचने की तैयारी में सरकार, कायाकल्प के लिए देगी बजट

सरकार प्रदेश के विकास प्राधिकरणों में 30 हजार करोड़ रुपये की unsold संपत्तियों को चमकाकर बेचने की तैयारी में है।प्रदेश में 30 हजार करोड़ की संपत्तियां बिकेंगी।

सरकार खराब संपत्तियों की मरम्मत और सुंदरीकरण कराएगी। मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की संपत्तियां भी शामिल।प्रदेश के विकास प्राधिकरणों में लंबे समय से बिक्री का इंतजार कर रही करीब 30 हजार करोड़ रुपये की संपत्तियों को सरकार अब चमकाकर बेचने की तैयारी में है। मुरादाबाद विकास प्राधिकरण (एमडीए) की विभिन्न आवासीय योजनाओं में प्लाट, दुकान, फ्लैट, आवासीय और व्यावसायिक संपत्तियां बिक्री के लिए शेष हैं। इनमें प्राधिकरण की बड़ी पूंजी फंसी है।

एमडीए की सीतापुरी-दससराय, अमृत कुंज, उद्यम विहार, ढक्का क्षेत्र में अरावली, पीएम आवास योजना समेत कई योजनाओं में संपत्तियां बिक्री की प्रतीक्षा में हैं। इनमें आवासीय प्लाट और स्कूल के लिए आरक्षित प्लाट भी शामिल हैं। पिछले एक साल में एमडीए की विभिन्न योजनाओं के करीब 60 से 70 आवास ही बिक सके हैं। प्रदेश के 28 विकास प्राधिकरणों में भी यही स्थिति है।सरकार ऐसी संपत्तियों को प्रदेशभर में री-लांच करेगी। पुरानी या खराब स्थिति वाली संपत्तियों में जरूरत के अनुसार मरम्मत, रंगाई-पुताई, बाहरी स्वरूप में सुधार, बिजली-पानी की सुविधाएं दुरुस्त करने के साथ क्षेत्र का सुंदरीकरण कराया जाएगा।

खाली प्लाटों के मामले में सड़क, प्रकाश व्यवस्था, पार्क और अन्य उपलब्ध सुविधाओं को बेहतर तरीके से प्रस्तुत किया जाएगा, ताकि खरीदार को संपत्ति का स्वरूप दिखाई दे। इन कार्यों के लिए प्रदेश सरकार धन उपलब्ध कराएगी। इसके बाद एमडीए मौजूदा दरों पर संपत्तियां बेचेगा।

एजेंसी के टेंडर पर नहीं आया था कोई प्रस्ताव-बिक्री बढ़ाने के लिए पहले एजेंसी के माध्यम से संपत्तियों को बेचने के लिए टेंडर निकाला गया था, लेकिन किसी एजेंसी ने रुचि नहीं दिखाई। इसके बाद मूल कीमत में 15 से 20 प्रतिशत तक की कमी के साथ बिक्री का प्रस्ताव दिया गया, फिर भी कुछ ही आवास बिक सके। अब संपत्तियों को बेहतर स्वरूप देकर दोबारा उतारने की तैयारी है। एमडीए उपाध्यक्ष अनुभव सिंह ने बताया कि बिक्री के लिए शेष संपत्तियों का प्रस्तुतीकरण किया जाएगा। जहां जरूरत होगी, वहां सुविधाओं और बाहरी स्वरूप में सुधार कराया जाएगा। सरकार की योजना के अनुसार संपत्तियों को री-लांच कर बिक्री बढ़ाने पर काम किया जाएगा।

बाइक के पहिये में फंसी छात्रा की चुनरी, 50 मीटर तक घिसटी

चंदौसी। बीएमजी इंटर कॉलेज में छुट्टी के बाद घर लौट रही छात्रा की चुनरी एक बाइक के पिछले पहिये में आ गई। इस दौरान बाइक सवार करीब 50 मीटर तक छात्रा को घसीटता ले गया और मौके से भाग निकला। जानकारी पर पहुंची कॉलेज की शिक्षिका ने छात्रा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद छात्रा को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। कोतवाली क्षेत्र के मौलागढ़ गांव निवासी हेम सिंह की बेटी कंचन बीएमजी इंटर कॉलेज में कक्षा 11 वीं की छात्रा है। पिता ने बताया कि शनिवार दोपहर करीब डेढ़ बजे वह कॉलेज से पैदल घर लौट रही थी। कॉलेज से कुछ दूरी पर अचानक उसकी चुनरी एक बाइक के पिछले पहिये में फंस गई। आरोप है कि बाइक सवार ने बाइक रोकने के बजाय उसे चलाता रहा, जिससे छात्रा करीब 50 मीटर तक सड़क पर बाइक के साथ घिसटती चली गई।हादसे में छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे की जानकारी मिलते ही कॉलेज की एक शिक्षिका मौके पर पहुंचीं और घायल छात्रा को उपचार के लिए सीएचसी लेकर गई। वहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

CEC के खिलाफ सपा का हल्लाबोल, 'वोट बचाओ-देश बचाओ' मार्च में फूंका पुतला; पुलिस से धक्का-मुक्की

अंबेडकर पार्क पहुंचकर पढ़ा संविधान का अनुच्छेद 326, राष्ट्रगान भी गाया; जिलाध्यक्ष बोले- एक-एक वोट की रक्षा करेंगे मुरादाबाद में लोकतंत्र बचाओ सप्ताह के तहत समाजवादी पार्टी ने 'वोट बचाओ देश बचाओ' पैदल मार्च निकाला। कार्यकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला फूंका। इस दौरान पुलिस से हल्की झड़प और धक्का-मुक्की भी हुई।लोकतंत्र बचाओ सप्ताह के तहत समाजवादी पार्टी ने रविवार को 'वोट बचाओ-देश बचाओ' पैदल मार्च निकाला। पार्टी कार्यालय से शुरू हुआ मार्च नारेबाजी करते हुए अंबेडकर पार्क पहुंचा।

कार्यकर्ताओं के हाथों में विभिन्न तख्तियां थीं। इनमें 'वोट चोरी बंद करो', 'संविधान बचाओ देश बचाओ', 'सीईसी होश में आओ' और 'वोट चोर गद्दी छोड़ो' जैसे नारे लिखे थे।मार्च के दौरान रास्ते में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला फूंका गया। इसके बाद कार्यकर्ता अंबेडकर पार्क पहुंचे।

यहां डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के सामने संविधान के अनुच्छेद 326 का सार्वजनिक रूप से पाठ किया गया। इसके बाद सभी ने एक स्वर में राष्ट्रगान गाया।

पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त के कथित असंवैधानिक कार्यों के विरोध में पार्क के गेट पर भी पुतला फूंका।

इस दौरान पुलिस ने पुतला छीनने की कोशिश की। इसे लेकर पुलिस और सपाइयों के बीच हल्की झड़प और धक्का-मुक्की हुई।

'एक-एक वोट की रक्षा करेंगे'-जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव ने सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मुरादाबाद की जनता वोट चोरी बर्दाश्त नहीं करेगी। उनके आरोप के मुताबिक मुख्य चुनाव आयुक्त भाजपा के इशारे पर काम कर रहे हैं और वोट काटने की साजिश की जा रही है।

उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं ने पुलिस की लाठियों की परवाह नहीं की। संविधान बचाने के लिए पुतला फूंका गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में सपा एक-एक वोट की रक्षा करेगी।

जयवीर सिंह यादव ने कहा कि यह लड़ाई सिर्फ वोट की नहीं, बल्कि वजूद की लड़ाई है। उनके मुताबिक भाजपा को पता है कि जनता के वोट से समाजवादी पार्टी जीतेगी। इसलिए वोट चोरी की जा रही है।

उन्होंने कहा कि बाबा साहब के संविधान को किसी भी कीमत पर खत्म नहीं होने दिया जाएगा। कार्यक्रम में विधायक नवाब जान खां, हाजी नसीर कुरैशी, जिला महासचिव फुरकान अली, महानगर अध्यक्ष इकबाल अंसारी, पूर्व सांसद एसटी हसन, पूर्व विधायक हाजी रिजवान, पूर्व विधायक यूसुफ अंसारी, अतहर हुसैन अंसारी, मुजाहिद अली, महमूद सैफी और वेदप्रकाश सैनी समेत बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

ज्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

गुड्ड बाग में रविवार को लगा जनता का दरबार : शादी अनुदान से लेकर गोदभराई तक

क्यूँ न लिखूँ सच /ब्यूरो / बरेली । गुड्ड बाग स्थित मंदिर परिसर में %सेवा संकल्प अभियान% के तहत 'सेवा सेतु अभियान - सरकार आपके द्वार' सेवा शिविर का भव्य आगाज हुआ। इस महा-अभियान का शुभारंभ वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार, महापौर डॉ. उमेश गौतम और जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में अलग-अलग विभागों के स्टॉल्स लगाए गए थे, जिनका अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने बारीकी से निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने मौके पर ही अधिकारियों को दो-टूक निर्देश दिए-शिविर में आने वाले हर नागरिक को योजनाओं की पूरी जानकारी मिलनी चाहिए, और जो भी फरियादी शिकायत लेकर आए, कोशिश करें कि उसका समाधान इसी टेबल पर, आज ही हो जाए। पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की ओर से गरीब व असहाय परिवारों की बेटियों की शादी के लिए लाभार्थियों को 20,000 के स्वीकृति पत्र हाथों-हाथ सौंपे गए। महिलाओं की पारंपरिक रूप से गोदभराई की गई और नन्हे-मुन्ने शिशुओं का अन्नप्राशन संस्कार संपन्न कराया गया। शिविर में आए लोगों ने न केवल योजनाओं की जानकारी ली, बल्कि मौके पर ही अपना पंजीकरण भी कराया।

पुलिस की तीसरी आंख से नहीं बच सके गुनहगार, खोया हुआ सामान पाकर चेहरों पर आई मुस्कान

क्यूँ न लिखूँ सच /ब्यूरो / बरेली । अब जनपद में अपराधियों की खैर नहीं अब जनता को मिल रहा है हाईटेक सुरक्षा का भरोसा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य के निर्देशन में व एसपी ट्रैफिक मोहमद अकमल खां के पर्यवेक्षण में ICCC की टीम ने सितंबर माह में तकनीक और मुस्तैदी की मिसाल पेश की है। वीडियो एनालिटिक्स और डिजिटल मॉनिटरिंग की मदद से पुलिस ने न केवल अपराधों की कड़ियां जोड़ीं, बल्कि कई संगीन मामलों का सफल अनावरण भी किया। टीम की मदद से 10 चोरी के मामलों का खुलासा हुआ (इज्जतनगर, बारादरी, आंवला, कोतवाली, प्रेमनगर, सुभाषनगर, कैंट, शाही और हाफिजगंज क्षेत्र)। बारादरी में छिनैती, भोजीपुरा में लूट, कैंट में गोवध और इज्जतनगर में एक्सीडेंट जैसे गंभीर मामलों में भी तकनीकी साक्ष्य जुटाए गए। यही नहीं, सफर के दौरान या शहर में कहीं छूटे और गुम हुए कीमती सामान को ढूंढने में भी ICCC देवदूत साबित हुआ। बरेली, संभल, बदायूं और पीलीभीत तक के कई नागरिकों के खोए हुए बैग, जरूरी दस्तावेज, कपड़े, मोबाइल, टैबलेट और स्पीकर ढूंढकर उनके असली मालिकों को सकुशल सौंपे गए। सामान वापस पाकर पीड़ितों के चेहरों पर राहत और खुशी साफ झलक रही थी । इस पूरे मिशन को 24 घंटे मुस्तैद रहकर अंजाम दिया ।

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए - 9027776991

संक्षिप्त समाचार

अपर नगर आयुक्त ने खुद रक्तदान कर पेश की नज़ीर

क्यूँ न लिखूँ सच /ब्यूरो / बरेली। स्वच्छता ही सेवा एवं सेवा संकल्प अभियान के तहत नगर निगम की SBM टीम द्वारा 300 बेड अस्पताल में भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि अपर नगर आयुक्त शशि भूषण राय (PCS) ने फीता काटकर किया। उन्होंने केवल उद्घाटन ही नहीं किया, बल्कि पहला रक्तदान खुद करके एक मिसाल कायम की। उनके इस कदम से प्रेरित होकर निगम कर्मियों और आम नागरिकों में रक्तदान की होड़ लग गई।?उप नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सतीश चौधरी और डॉ. अमित दिनकर के कुशल संयोजन में सुबह 10 से शाम 4 बजे तक चले इस शिविर में ष्ठस्ह्र महेंद्र प्रताप सिंह राठौर, स्स्ढ्ढ दीपक, नीरज, संजीव, राकेश, संजय, पूर्णिमा कुमार तथा सुपरवाइजर संजय राठौर व रोशन लाल सहित ब्रांड एंबेसडर मोहित शर्मा ने भी रक्तदान कर मानवता की सेवा का संदेश दिया। ?सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया , इस सफल आयोजन ने यह साबित कर दिया कि नगर निगम बरेली सिर्फ शहर को स्वच्छ ही नहीं, बल्कि संवेदनशील और सेवाभावी बनाने के संकल्प पर भी पूरी निष्ठा से काम कर रहा है।

भोजीपुरा सेवा शिविर पहुंचे डीएम, खुद सुनी ग्रामीणों की फरियाद

क्यूँ न लिखूँ सच /ब्यूरो / बरेली । भोजीपुरा ब्लॉक में आयोजित सेवा संकल्प अभियान सेवा सेतु अभियान - सरकार आपके द्वार शिविर का एमएलसी बहोरन लाल मौर्य और डीएम अविनाश सिंह ने औचक निरीक्षण किया। शिविर में लगे विभिन्न विभागों के स्टॉलों की पड़ताल करते हुए डीएम ने दो टूक चेतावनी दी कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति को उसकी चौखट पर मिलना चाहिए, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीएम ने खुद ग्रामीणों से रूबरू होकर समस्याएं सुनीं और कई मामलों का मौके पर ही समाधान कराया। शिविर में स्वास्थ्य, पेंशन, राशन, आयुष्मान और किसान सम्मान निधि जैसी जरूरी योजनाओं से जुड़ी सेवाएं ग्रामीणों को एक ही छत के नीचे मुहैया कराई गईं। इस दौरान स्थानीय प्रशासनिक व ब्लॉक स्तरीय अधिकारी भी मुस्तैद रहे।

25 हजार का इनामी फुन्नु गिरफ्तार, सोनू हत्याकांड का था मुख्य आरोपी

क्यूँ न लिखूँ सच /ब्यूरो / बरेली । चर्चित सोनू उर्फ विकास हत्याकांड में सुभाषनगर पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। 18 महीने से फरार चल रहे 25 हजार के इनामी मुख्य आरोपी सोनू कश्यप उर्फ फुन्नु को मुखबिर की सूचना पर सुभाषनगर प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार नैन फोर्स सहित घेराबंदी कर रामगंगा तिराहे से गिरफ्तार किया । वारदात के बाद से आरोपी पहचान छिपाने के लिए दूसरे राज्यों के मेलों में दुकानें लगा रहा था। जैसे ही वह बरेली में अपनी बहन से मिलने पहुंचा था पूछताछ में आरोपी ने बताया कि मृतक सोनू ने उसकी मां के साथ मारपीट और बदसलूकी की थी। इसी रंजिश का बदला लेने के लिए उसने अपने साथियों संग मिलकर चाकुओं से गोदकर सोनू की बेरहमी से हत्या कर दी थी। इस बारदात में 4 आरोपी पहले से ही जेल जा चुके हैं। अब मुख्य आरोपी फुन्नु को भी पुलिस ने कानूनी कार्रवाई कर कोर्ट में पेश किया गया है।

सेवा संकल्प अभियान-2026 के तहत पीलीभीत में आयोजित हुई भव्य बाइक रैली केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद की रही उपस्थिति

क्यूँ न लिखूँ सच / युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार और जिला प्रशासन पीलीभीत के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सेवा संकल्प अभियान-2026 (17 सितंबर 2026 से 17 अक्टूबर 2026) के तहत आज जनपद में एक विशाल बाइक रैली का सफल आयोजन किया गया।

बाइक रैली गांधी स्टेडियम से प्रारंभ होकर गोहनियां चौराहे से होते हुए विकास भवन परिसर में संपन्न हुई। रैली का मुख्य उद्देश्य युवाओं में सेवा भाव, सामाजिक उत्तरदायित्व और राष्ट्रीय चेतना को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद, जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। उन्होंने रैली में भाग ले रहे युवाओं और स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया। उनके साथ स्थानीय जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों तथा मेरा युवा भारत' (MY Bharat) के युवाओं ने हिस्सा लिया। विकास भवन पहुँचकर बाइक रैली का शांतिपूर्ण एवं सफल समापन किया गया।

जिलाधिकारी ने विकासखंड अमरिया की हर्रायपुर गौशाला का किया औचक निरीक्षण, देखी व्यवस्थाएं

